## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल एवं गृहमंत्री ने शहीद वाटिका में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज राजीव स्मृति वन स्थित शहीद वाटिका के अमर जवान स्तंभ में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 28 को

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 28 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक 28 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। सर्वसंबंधित बैठक में पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### प्राकृतिक आपदा से हुई असामायिक मृत्यु पर वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से 3 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित नियम के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-बायसी निवासी धरमसिंह राठिया की 23 अगस्त 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी राजमति को 4 लाख रुपये एवं ग्राम-क्रोन्धा की ललिता बाई की 24 अगस्त 2022 सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पति आशाराम को 4 लाख रुपये तथा रायगढ़ तहसील के ग्राम-बरपाली निवासी बुधराम बसंत की 7 अक्टूबर 2022 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री कमला टंडन को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राष्ट्रीय बागवानी मिशन की बैठक 27 अक्टूबर को

**रायगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ की अध्यक्षता में डिस्ट्रीक्ट मिशन कमेटी-राष्ट्रीय बागवानी मिशन की बैठक 27 अक्टूबर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### पहली पसंद बने इको फ्रेंडली पटाखे

**कोरबा (आरएनएस)।** दीपावली पर्व को लेकर दीपका में खास तौर पर पटाखा मार्केट लगाया गया है। यहां बड़ी संख्या में दुकाने लगी हुई है। स्थानीय और क्षेत्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कारोबारियों ने अलग-अलग वैरायटी रखी है। अभी से ही इन सामानों की बिक्री जोरों पर है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पटाखों के मामले में कई मानक तय किये गए है। इसी हिसाब से खरीद फरोख्त की जा रही है। दीपका में इको फ्ंरडली पटाखों की डिमांड हर तरफ कायम है। स्थानीय बाजार में दुकान नंबर 4 और 14 में संतोष गुप्ता के द्वारा पॉप पॉप, फुलझडी, रस्सी पटाखा, माचीस पटाखा, टॉप टाईगर, 25 शॉट पर विशेष डिस्काउंट घोषित किया गया है। इसके अलावा अन्य वैरायटी पर भी यह सुविधा दी गई है। उपभोक्ताओं के लिए 30 से 70 तक डिस्काउंट और जीएफ फाइनेंस से जीरो प्रतिशत पर फाइनेंश की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इस नाते लोगों का भरपूर प्रतिसाद मिल रहा है। दीपका के अलावा हरदीबाजार, पाली, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, जमनीपाली में पटाखा व्यवसाय पर कारोबारियों ने काफी निवेश किया है। प्रशासन ने पिछले दिनों कारोबारियों के विस्फोटक लाइसेंस का नवीनीकरण किया।

# पुलिस स्मृति दिवस : पुलिस लाइन रायगढ़ के शहीद स्मारक प्रांगण में अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि







रायगढ़। प्रतिवर्ष की भांति 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन रायगढ़ के शहीद स्मारक प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों में मातृभूमि की सेवा करते हुए कर्तव्य परायणता में शहादत देने वाले शहीद पुलिस अफसर और जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सभी की आंखें नम थी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, मीडियासाथी व पुलिस परिवार के सदस्यगण के साथ जिला रायगढ़ एवं नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में निवासरत 13 शहीदों के परिजन आमंत्रित थे जो कार्यक्रम में शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा 01 सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 के बीच शहीद हुए 264 अमर शहीदों के नामों का वाचन (स्मरण) किया गया। शहीदों के नाम वाचन पश्चात पुलिस अधीक्षक रायगढ़ मीणा, पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ राजेश कुकरेजा, शहीद परिवारों के सदस्यगण, जिलाबल एवं सशस्त्र बल के राजपत्रित अधिकारीगण, शहर के थाना/चौकी प्रभारी एवं रक्षित केंद्र, सशस्त्र बल के जवानों द्वारा शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दिये। शहीदों की तस्वीरों के सामने परिवारजन याद में विलाप करते हुए नजर आए। पुलिस अधीक्षक एवं अतिथिगणों द्वारा शॉल, श्रीफल देकर शहीद परिजनों सम्मानित किया गया तथा उनका कुशलक्षेम जाने। शहीदों के परिजनों के साथ पुलिस अधिकारीगण दोपहर का भोजन कर उन्हें ससम्मान उनके निवास स्थान भेजा गया है। पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में जिला रायगढ़ एवं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी रायगढ़ संजय महादेवा, उप सेनानी सुरेशा चौबे एडिशनल एसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़ माहेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे, एसडीओपी धर्मजयगढ़ दीपक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ मनीष कंवर, डीएसपी हेड क्वार्टर बेनेडिक्ट मिंज, डीएसपी राकेश भोई, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे तथा जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी व स्टाफ मौजूद थे।

## किरोड़ीमल नगर में कोतरारोड़ पुलिस ने ली शांति समिति की बैठक



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को त्योहारों के दृष्टिगत अन्य विभाग के अधिकारियों, स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित करने निर्देशित किया गया है। निर्देशों के तहत #कोतरारोड़ पुलिस द्वारा किरोड़ीमल नगर में शांति समिति की बैठक आहूत किया गया जिसमें अध्यक्ष नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर हरीश किशोर चंद्र , सीएमओ नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर राजेश त्रिवेदी , मनीष शर्मा उपाध्यक्ष, विकास माननीय विधायक प्रतिनिधि, पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। बैठक में त्यौहार को शांति पूर्वक संपन्न कराएं जाने के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया जिसमें किसी भी स्थान पर अवैध पटाखों का विक्रय ना हो, झगड़ा, मारपीट, जुआ की सूचनाएं पुलिस को तत्काल दी जाये, किसी अप्रिय घटना पर अस्पताल/फायर बिग्रेड/डॉयल 112 को सक्रिय कर रखा जाये, क्षेत्र में पुलिस की पेट्रोलिंग लगातार हो आदि विषयों पर चर्चा किया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव बताये कि पुलिस टीम प्रत्येक सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करेगी तथा अफवाह फैलाने वाले और जुआरियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखे हुए है। क्षेत्र में पेट्रोलिंग के साथ शाम के समय फुट पेट्रोलिंग भी किया जा रहा है।

## रात्रि गश्त दौरान पुरानी हटरी में 4 जुआ फड पर रेड, मौके पर पकड़ाए 16 जुआरी

❑ **19500 रुपए नगदी जब्त, आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत की गई कार्रवाई**

रायगढ़। दीपावली आते ही सुनसान तथा रात के समय सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलते जुआरी किस्म के लोग अक्सर देखे जाते हैं। एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि थानाक्षेत्र में मुखबिर तैनात कर कड़ी निगरानी रखें, विशेषकर रात्रि गस्त दौरान जहां भी जुआ खेले जाने का अंदेशा हो या इससे संबंधित कोई इनपुट मिले, तत्काल रेड की कार्रवाई करें। निर्देशों के पालन में #कोतवाली पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में और भी सक्रिय दिख रही है। कल रात्रि कोतवाली पुलिस की गस्त पार्टी द्वारा पुरानी हटरी आसपास चार अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर 16 जुआरियों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से जुआ फड में लगा कुल रु.19,500 नकद, 52 पत्ती ताश की गड्डी जप्त किया गया है। कोतवाली टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में जुआ रेड के लिए गठित टीम में उप निरीक्षक आर.एस. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार बेहरा, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक विनोज लकड़ा, शशिकांत चौहान, सिकंदर तिर्की, राजेश कुमार सिदार और अमृत सिंह शामिल थे। जुआ रेड में पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

जुआ रेड में पकड़े गये जुआरियान-

(1) ऋृषभ पिता राधेश्याम जोशी उम्र 22 वर्ष निवासी दानीपारा रायगढ़

(2) आशीष अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल उम्र 36 वर्ष निवासी चक्रधरनगर रायगढ़

(3) अज्जु यादव पिता बसंत यादव उम्र 22 वर्ष निवासी सत्तीगुडी चौक रायगढ़

(4) आकाश यादव पिता गुरूचरण उम्र 25 वर्ष निवासी दरोगापारा रायगढ़

(5) पंकज कश्यप पिता नेकराम उम्र 22 वर्ष निवासी पंजरी प्लांट रायगढ़

(6) अंकित कुमार पिता शिवकुमार उम्र 32 वर्ष निवासी विकास नगर रायगढ़

(7) मो0 मकसूद पिता दाऊ अहमद उम्र 39 वर्ष निवासी दानीपारा रायगढ़

(8) अकरम खान पिता अमीन खान उम्र 30 वर्ष निवासी पुरानी हटरी रायगढ़

(9) जावेद खान पिता मेहरदिन उम्र 34 वर्ष निवासी चांदनी चौक रायगढ़

(10) राजेश श्रीवास पिता रामचंद उम्र 30 वर्ष बडे भंडार पुसौर

(11) मोहम्मद शाहिद खान पिता मोहम्मद नसीर खान उम्र 38 वर्ष निवासी बीडपारा रायगढ़

(12) स्माईल हुसैन पिता इनायत हुसैन उम्र 25 वर्ष चांदनी चौक रायगढ़

(13) अजय साय पिता गुरण साय उम्र 29 वर्ष निवासी बडे भण्डार पुसौर रायगढ़

(14) सिद्धार्थ बोहिदार पिता बाबुलाल उम्र 28 वर्ष निवासी दानीपारा रायगढ़

(15) रहमान बेग पिता महमूद बेग उम्र 35 वर्ष दानीपारा रायगढ़

(16) अमन अग्रवाल पिता संजय बंसल उम्र 23 वर्ष निवासी संजय मैदान रायगढ़

### खेत में मोमबत्ती जलाकर जुआ खेल रहे जुआरियों से जुआरियों से 6020 रुपए नगद जब्त, 6 जुआरी गिरफ्तार : जूटमिल पुलिस की जुआ रेड कार्यवाही

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर सभी थाना, चौकी क्षेत्र अंतर्गत जुआ रेड की कार्रवाई जारी है। कल दिनांक 20-21.10.2022 की रात गश्त दौरान साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में साइबर व चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा मुखबीर सूचना पर भजनडिपा खेत में मोमबत्ती के प्रकाश में 52 पत्ती ताश से दांव लगाकर जुआ खेल रहे जुआरियों की घेराबंदी का रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर पुलिस टीम ने जुआ खेलते 6 जुआरी- राम रतन चौहान पिता तनुराम चौहान उम्र 38 वर्ष, सुशील कुमार महिलाने पिता भगतराम महिलाने उम्र 26 वर्ष, गौरी गिर्रे पिता लक्ष्मीणारायण गिर्रे उम्र 30 वर्ष, रोहित रात्रे पिता राजू रात्रे उम्र 24 वर्ष चारों निवासी राजीव गांधी नगर चौकी जूटमिल, सुनील निषाद पिता भागीरथी निषाद उम्र 40 वर्ष रेलवे बांग्ला पारा थाना कोतवाली एवं संजय जांगड़े पिता साधराम जांगड़े उम्र 51 वर्ष रेलवे कॉलोनी थाना कोतवाली को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया जिनके फड एवं पास से पुलिस टीम रु.6020 नगद, अधजला मोमबत्ती, एक पुराना अखबार, 52 पत्ती ताश की जब्ती की गई है। जुआरियों पर पुलिस चौकी जूटमिल (थाना कोतवाली) में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। जुआ रेड कार्यवाही में साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, बनारसी सिदार, सत्या यादव, विनय तिवारी धर्नुजय चंद बेहरा, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृज लाल गुर्जर, आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा शामिल थे।

## दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष एवं क्रिसमस के अवसर पर पटाखें फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित : केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग करने के निर्देश

**रायगढ़।** राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश अनुरूप दीपावली के दौरान पटाखें रात्रि 8 बजे से 10 बजे के बीच फोड़े जाने हेतु आदेश जारी किए गए है। राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोडऩे की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। जिसके तहत दीपावली के दौरान पटाखों का इस्तेमाल सिर्फ रात्रि 8 से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रात: 6 से प्रात: 8 बजे तक, गुरु पर्व पर रात्रि 8 से 10 बजे तक और क्रिसमस तथा नए वर्ष के आगमन पर रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक पटाखा चलाने की अनुमति दी है।



माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुरूप पटाखों के उपयोग के संबंध में अन्य निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूब्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ट ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लडिय़ों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिए गए है, जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे- क्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा। पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में उल्लेखित आदेशों के माध्यम से जो मार्गदर्शिका जारी की गई है उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन समस्त दस्तावेजों के साथ दो प्रतियों में अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2022 तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ एवं दूरभाष क्रमांक 07762-222914 में संपर्क कर सकते है।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना हेतु जिन आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य (अजा/अजजा/अपि वर्ग/महिला/नि:शक्तजन/नक्शल प्रभावित/सेवानिवृत्त सैनिक की आयु में 5 वर्ष की छूट)की पात्रता है। इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते है। योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाई हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख है। लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा। नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुआ है इस योजना में पात्रता नहीं होगी।

## रायगढ़ में विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेला का हुआ आयोजन : विद्यार्थियों ने कबाड़ से किया नवाचार

**रायगढ़।** ललित शाला प्रांगण विकासखंड रायगढ़ में विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन हुआ। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी.आर.जाटवर एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल की उपस्थिति में मां सरस्वती के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। निर्णायकों द्वारा एफएलएन के आधार पर प्रत्येक टीएलएम को बारीकी से अवलोकन किया गया। अवलोकन के केंद्र में भाषा और गणित को कैसे आसानी से समझा जा सके एवं अन्य नवाचारी गतिविधियों के द्वारा कैसे उपयोग किया जा सके। इसके आधार पर एफएलएन केंद्रित सटीक निर्णय निर्णायकों द्वारा लिया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर पर प्रथम-आकांक्षा मालाकर संकुल संबलपुरी, द्वितीय-पुष्पेंद्र महंत संकुल गेजामुडा, तृतीय-नैतिक चौहान उर्दना संकुल व माध्यमिक खंड से प्रथम-नैतिक सोनी इंदिरा संकुल, दूसरा-खुशबू पटेल बायंग संकुल, तीसरा स्थान-जास्मिन शेख संकुल संबलपुरी रहे। विकासखंड स्तर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को



सफल बनाने में बीआरसी रायगढ़ मनोज कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में ललित शाला से हेमकुमारी चौहान, मंजू शर्मा सहित समस्त कर्मचारियों संकुल समन्वयक रामेश्वर चौहान, रोहित सिदार, राजेन्द्र चौहान, सुशील कुमार चौहान, जगतराम जाफरी, शिक्षक राजेन्द्र मेहर, विकास पटेल, खगेश्वर साहू, तिलकराम पटेल, रविन्द्र पटेल, सौरभ पटेल, ईश्वर पटेल, विनोद सिंह, अभिषेक लाल, सेवक राम मोहले, भृत्य कमल कांत, परमेश्वर, सुंदर, छन्नू ने अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन राजकमल पटेल शैक्षिक समन्वयक तारापुर ने किया।

## छिछोर उमरिया में खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित

❑ **626 मरीजों का किया गया नि:शुल्क उपचार**

**रायगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन विकासखंड पुसौर के अंतर्गत आने वाले ग्राम छिछोर उमरिया के प्राथमिक शाला प्रांगण में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर मिश्रा ने भगवान धन्वंतरी की पूजा-अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपस्थित सरपंच लक्ष्मण सिदार, सचिव, अन्य पंच गण, जनप्रतिनिधि सहित पुसौर




बीएमओ डॉ चंद्रवंशी, डॉ दिनेश नायक उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा ने आयुर्वेद के इस तरह से आयोजन के बारे में बताया एवं लोगों को अधिक से अधिक आयुर्वेद विधा अपनाने हेतु अपील की तथा क्षेत्र में आयुर्वेद के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही।

शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से नि:शुल्क उपचार कर औषधि वितरण किया गया। शिविर में 75 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। जिसमें हिमोग्लोबिन, शुगर की जांच की गयी। शिविर में महिला, पुरुष, बालक-बालिका एवं वृद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लिए। शिविर में ज्यादातर वात रोग, आमवात, गठिया, बात, कमजोरी, उदर रोग, चर्म रोग और मधुमेह उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र रोग, करण रोग, गला रोग, खून की कमी, नशामुक्ति से संबंधित रोगी बाल झडऩा इत्यादि प्रकार के रोगियों का नि:शुल्क उपचार कर औषधि दिया गया। शिविर में 626 मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें 112 रोगियों का होम्योपैथी पद्धति से इलाज किया गया एवं 514 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से किया गया। शिविर में पंचकर्म विधा के बारे में डॉक्टर शेष बहादुर यादव ने विस्तार से लोगों को समझाया। शिविर में विभिन्न प्रकार के ब्रोशर पाम्पलेट का भी वितरण किया गया। शिविर में अनेक प्रकार के औषधियों जड़ी-बूटी इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई एवं आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए सभी चिकित्सा एवं कर्मचारी तल्लीनता पूर्वक कार्य करते हुए अपना दायित्व निभाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिविर प्रभारी डॉ.शेष बहादुर यादव, डॉ.गजानंद पटेल, डॉ.नरसिंह पटेल, डॉ.अजय नायक डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ.अनुराधा सिंह आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480